एलुमनी होमकमिंग 2024

पूर्व छात्र केंद्र की होगी स्थापना: निदेशक

- आईआईएम, रांची में पूर्व छात्रों के लिए 'होम कमिंग 24- द क्लासिक कारवां' की हुई शुरुआत
- दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी बैच के पूर्व छात्रों का स्वागत किया गया

रांची, विशेष संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में पूर्ववर्ती छात्रों के लिए आयोजित होम कमिंग 24- द क्लासिक कारवां की शुरुआत शनिवार को हुई। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सभी बैच के पूर्व छात्रों का स्वागत किया गया। पूर्व छात्र संबंध समिति के अध्यक्ष प्रो अमरेंदु नंदी ने आईआईएम रांची की यात्रा के बारे में बात की और बताया कि संस्थान अपनी स्थापना के बाद से कितना आगे आ गया है। अकादमिक डीन प्रो तनुश्री दत्ता ने आईआईएम रांची को अपने सभी स्नातकों के लिए एक घर बताया।

आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने नेटवर्क को मजबूत करने और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औपचारिक पूर्व छात्र अध्याय स्थापित करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने पूर्व छात्रों को शैक्षणिक कार्यक्रमों में अंतराल को पाटने पर प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित किया और शिक्षा के लिए आईआईएम रांची के बहु-विषयक दृष्टिकोण पर जोर दिया। कॉरपोरेट रिलेशंस एंड प्लेसमेंट कमेटी के अध्यक्ष प्रो वरुण एलेम्बिलासरी ने संस्थान के निरंतर विकास और विकास पर बात की। कार्यकारी कार्यक्रमों के डीन प्रो अमित सचान ने संस्थान की यात्रा को आकार देने में पूर्व छात्रों की अमूल्य भूमिका और प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए संस्थान की तत्परता को बताया, जबकि प्रशासन के डीन प्रो आनंद ने पिछले बैचों से जुड़ी पुराने दिनों याद किया।

आईआईएम रांची में शनिवार को पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन में मौजूद अतिथि। • हिन्दुस्तान

पैनल चर्चा में पूर्व छात्रों ने अपने विचार साझा किए

उद्घाटन सत्र में पैनल चर्चा हुई। इसमें पूर्व छात्रों ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने उद्योग की चुनौतियों के प्रति छात्रों का अनुभव बढ़ाने, पाठ्यक्रम में स्थिरता को एकीकृत करने और संस्थान के ब्रांड और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया का लाभ उठाने जैसी सलाह दी।

Hindustan_P.09_Date_15.12.2024

आइआइएम में एलुमनी होमकमिंग आयोजित

रांची. आइआइएम रांची में शनिवार को 'एलुमनी होमकमिंग 2024 - द क्लासिक कैरावैन' का आयोजन हुआ. इस अवसर पर आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव, एलुमनी रिलेशन कमेटी के चेयरपर्सन प्रो अमरेंदु नंदी, प्रो तनुश्री दत्ता, कॉरपोरेट रिलेशन एंड प्लेसमेंट कमेटी के चेयरपर्सन प्रो वरुण एलेम्बिलास्सेरी और डीन एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम प्रो अमित सच्चान ने संस्थान की उपलब्धियों पर चर्चा की. निदेशक ने पूर्ववर्ती छात्रों को संस्थान के विकास के लिए नियमित जरूरी सुझाव साझा करने की बात कही. उन्होंने कहा कि इससे पाठ्यक्रम के साथ व्यावहारिक ज्ञान का विकास होगा. आयोजन के मौके पर विभिन्न कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी.

Prabhat Khabar_P.11_Date_15.12.2024

आईआईएमः एल्युमिनी ने अनुभव साझा किए

रांची | आईआईएम रांची में शनिवार को एल्युमिनाई होमकमिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान विभिन्न बैच के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान पूर्ववर्ती छात्रों ने आईआईएम रांची में अपने अनुभव को साझा किए। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, एल्युमिनाई कमिटी के चेयरमेन अमरेंदु नंदी, एकेडमिक डीन तनुश्री दत्ता, चेयरपर्सन कॉरपोरेट रिलेशन एंड प्लेसमेंट कमिटी प्रो. वरुण आदि उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar_P.04_15.12.2024